हनुमान बाहुक

Hanuman Bahuk

Source: Internet Archive — Hanuman Bahuk Stotra, 1944 scan with complete 44-stanza boundary. Also compared: Internet Archive — Hanuman Bahuk, 1943 Digital Library of India comparison witness; Copyright Office, Government of India — Copyright Act Chapter V, Section 22 term for published literary works; Hindi Wikisource — historical literary reference to an 1868 Hanuman Bahuk edition; Jain Vishva Bharati Institute — Hindi literature material identifying the 44-stanza work.

VERSE 1

सिन्धु तरन सिय सोच हरन रवि-बाल बरन तनु।
भुज विशाल मूरति कराल कालहुँ को काल जनु॥
गहन दहन निरदहन लंक निःशंक बंक भुव।
जातुधान बलवान मान मद दवन पवन सुव॥
कहत तुलसिदास सेवत सुलभ सेवक हित सन्तत निकट।
गुन गनत नमत सुमिरत जपत समन सकल संकट विकट॥१॥

sindhu tarana siya soca harana ravi-bāla barana tanu |
bhuja viśāla mūrati karāla kālahuṃ ko kāla janu ||
gahana dahana niradahana laṅka niḥśaṅka baṅka bhuva |
jātudhāna balavāna māna mada davana pavana suva ||
kahata tulasīdāsa sevata sulabha sevaka hita santata nikaṭa |
guna ganata namata sumirata japata samana sakala saṅkaṭa vikaṭa ||1||

VERSE 2

स्वर्ण शैल संकास कोटि रवि तरुण तेज घन।
उर विशाल भुजदंड चंड नख वज्र वज्र तन॥
पिंग नयन भृकुटी कराल रसना दसनानन।
कपिस केस करकस लंगूर खल दल बल भानन॥
कह तुलसिदास बस जासु उर मारुत सुत मूरति विकट।
संताप पाप तेहि पुरुष कहँ सपनेहुँ नहि आवत निकट॥२॥

svarṇa śaila saṅkāsa koṭi ravi taruṇa teja ghana |
ura viśāla bhujadaṇḍa caṇḍa nakha vajra vajra tana ||
piṅga nayana bhṛkuṭī karāla rasanā dasanānana |
kapisa kesa karakasa laṅgūra khala dala bala bhānana ||
kaha tulasīdāsa basa jāsu ura māruta suta mūrati vikaṭa |
santāpa pāpa tehi puruṣa kahaṃ sapanehuṃ nahi āvata nikaṭa ||2||

VERSE 3

पंचे मुख छःमुख भृगुमुख्य भट असुर सुर सर्व।
साँरि समर समरथ सूरो। बाँकुरो बीर बिरुदैत॥
बिरुदावली वेद बन्दी बदत पैज पूरो।
जासु गुनगाथ रघुनाथ कह जासु बल बिपुल जल भरित जग जलधि झूरो॥
दीन दुख दवन को कौन तुलसीस हें पवन को पूत रजपूत रूड़ो॥३॥

pañce mukha chaḥmukha bhṛgumukhya bhaṭa asura sura sarva |
sāṃri samara samaratha sūro | bāṃkuro bīra birudaita ||
birudāvalī veda bandī badata paija pūro |
jāsu gunagātha raghunātha kaha jāsu bala bipula jala bharita jaga jaladhi jhūro ||
dīna dukha davana ko kauna tulasīsa heṃ pavana ko pūta rajapūta rūṛo ||3||

VERSE 4

भानु सों पढ़न हनुमान गये भानु मन अनुमानि सिसु केलि कियो फेरफारि सो॥
पाछिले पगनि गम गगन मगन मन क्रम को न भ्रम कपि बालक बिहार सो।
कौतुक बिलोकि लोकपाल हरि हर बिधि लोचननि चकाचौंधी चित्तनि खभार सो॥
बल कैधौं बीर रस धीरज कै साहस कै तुलसी शरीर धरे सबन को सार सो॥४॥

bhānu soṃ paṛhana hanumāna gaye bhānu mana anumāni sisu keli kiyo pheraphāri so ||
pāchile pagani gama gagana magana mana krama ko na bhrama kapi bālaka vihāra so |
kautuka biloki lokapāla hari hara bidhi locanani cakācauṃdhī cittani khabhāra so ||
bala kaidhaũ bīra rasa dhīraja kai sāhasa kai tulasī śarīra dhare sabana ko sāra so ||4||

VERSE 5

भारथ में पारथ के रथ-केतु कपिराज गाज्यो सुनि कुरुराज दल हलचल भो॥
कह्यो द्रोण भीषम समीर सुत महाबीर वीर-रस वारिनिधि जाको बल जल भो।
वानर सुभाय बालकेलि भूमि भानु लागि फलंग फलंगहूँ ते घाटि नभ तल भो॥
नाय नाय माथ जोरि जोरि हाथ जोधा जो हैं हनुमान देखे जग जीवन को फल भो॥५॥

bhāratha meṃ pāratha ke ratha-ketu kapirāja gājyo suni kururāja dala halacala bho ||
kahyo droṇa bhīṣama samīra suta mahābīra vīra-rasa vārinidhi jāko bala jala bho |
vānara subhāya bālakeli bhūmi bhānu lāgi phalaṅga phalaṅgahūṃ te ghāṭi nabha tala bho ||
nāya nāya mātha jori jori hātha jodhā jo haiṃ hanumāna dekhe jaga jīvana ko phala bho ||5||

VERSE 6

गोपद पयोधि करि होलिका ज्यों लाई लंक निपट निसंक परपुर गलबल भो॥
द्रोन सो पहार लियो ख्यालहीं उखारि कर कंदुक ज्यों कपि खेल बेल कैसो फल भो॥
संकट समाज असमंजस में रामराज काज जुग पूँगनि को करतल पल भो॥
साहसी समर्थ तुलसी को नाँह जाको बाँह लोकपालनि को फिरि फिरि थिरैं थल भो॥६॥

gopada payodhi kari holikā jyoṃ lāī laṅka nipaṭa nisaṅka parapura galabala bho ||
drona so pahāra liyo khyālahīṃ ukhāri kara kanduka jyoṃ kapi khela bela kaiso phala bho ||
saṅkaṭa samāja asamañjasa meṃ rāmarāja kāja juga pūṃgani ko karatala pala bho ||
sāhasī samartha tulasī ko nāṃha jāko bāṃha lokapālani ko phiri phiri thiraiṃ thala bho ||6||

VERSE 7

कमठ की पीठि जाके गोड़नि की गाड़ें मानो नाप के भाजन भारि जलनिधि जल भो॥
जातुधान दावन परावन को दुर्ग भयो महा मीन वास तिमि तोमनि को थल भो॥
कुम्भकरन रावन पयोद-नाद ईंधन को तुलसी प्रताप जाको प्रबल अनल भो॥
भीषम कहत मेरे अनुमान हनुमान सारिखो त्रिकाल न त्रिलोक महाबल भो॥७॥

kamaṭha kī pīṭhi jāke goṛani kī gāṛeṃ māno nāpa ke bhājana bhāri jalanidhi jala bho ||
jātudhāna dāvana parāvana ko durga bhayo mahā mīna vāsa timi tomani ko thala bho ||
kumbhakarana rāvana payoda-nāda īṃdhana ko tulasī pratāpa jāko prabala anala bho ||
bhīṣama kahata mere anumāna hanumāna sārikhō trikāla na triloka mahābala bho ||7||

VERSE 8

दूत रामराय को सपूत पूत पवन को तू अंजनी को नन्दन प्रताप भूरि भानु सो॥
सीय सोच शमन दुरित दोष दमन सरन आये अवन लखन प्रिय प्रान सो॥
दसमुख दुसह दरिद्र दरिबे को भयो प्रगट त्रिलोक ओक तुलसी निधान सो॥
ज्ञान गुनवान बलवान सेवा सावधान साहिब सुजान उर आनु हनुमान सो॥८॥

dūta rāmarāya ko sapūta pūta pavana ko tū añjanī ko nandana pratāpa bhūri bhānu so ||
sīya soca śamana durita doṣa damana sarana āye avana lakhana priya prāna so ||
dasamukha dusaha daridra daribe ko bhayo pragaṭa triloka oka tulasī nidhāna so ||
jñāna gunavāna balavāna sevā sāvadhāna sāhiba sujāna ura ānu hanumāna so ||8||

VERSE 9

दवन दुवन दल भुवन विदित बल वेद जस गावत विबुध बन्दीछोर को॥
पाप ताप तिमिर तुहिन विघटन पटु सेवक सरोरुह सुखद भानु भोर को॥
लोक परलोक तें बिसोक सपने न शोक तुलसी के हिये है भरोसो एक ओर को॥
राम को दुलारो दास बामदेव को निवास नाम कलि कामतरु केसरी-किसोर को॥९॥

davana duvana dala bhuvana vidita bala veda jasa gāvata vibudha bandīchora ko ||
pāpa tāpa timira tuhina vighaṭana paṭu sevaka saroruha sukhada bhānu bhora ko ||
loka paraloka teṃ bisoka sapane na śoka tulasī ke hiye hai bharoso eka ora ko ||
rāma ko dulāro dāsa bāmadeva ko nivāsa nāma kali kāmataru kesarī-kisora ko ||9||

VERSE 10

महाबल-सींव महाभीम महाबानइत महावीर विदित बरायो रघुबीर को॥
कुलिस कठोर तन जोर परे रोर रन करुना कलित मन धारमिक धीर को॥
दुर्जन को काल सो कराल पाल सज्जन को सुमिरे हरनहार तुलसी के पीर को॥
सीय सुखदायक दुलारो रघुनायक को सेवक सहायक है साहसी समीर को॥१०॥

mahābala-sīṃva mahābhīma mahābānaita mahāvīra vidita barāyo raghubīra ko ||
kulisa kaṭhora tana jora pare rora rana karunā kalita mana dhāramika dhīra ko ||
durjana ko kāla so karāla pāla sajjana ko sumire haranahāra tulasī ke pīra ko ||
sīya sukhadāyaka dulāro raghunāyaka ko sevaka sahāyaka hai sāhasī samīra ko ||10||

VERSE 11

रचिबे को विधि जैसे पालिबे को हरि हर मीच मारिबे को ज्याइबे को सुधापान भो॥
धरिबे को धरनि तरनि तम दलिबे को सोखिबे कृशानु पोषिबे को हिम भानु भो॥
खल दुख दोषिबे को जन परितोषिबे को माँगिबो मलीनता को मोदक सुदान भो॥
आरत की आरति निवारिबे को तिहुँ पुर तुलसी को साहिब हठीलो हनुमान भो॥११॥

racibe ko vidhi jaise pālibe ko hari hara mīca māribe ko jyāibe ko sudhāpāna bho ||
dharibe ko dharani tarani tama dalibe ko sokhibe kṛśānu poṣibe ko hima bhānu bho ||
khala dukha doṣibe ko jana paritoṣibe ko māṃgibo malīnatā ko modaka sudāna bho ||
ārata kī ārati nivāribe ko tihūṃ pura tulasī ko sāhiba haṭhīlo hanumāna bho ||11||

VERSE 12

सेवक सेवकाई जानि जानकीश मानि कानि सानुकूल शूलपानि नवै नाथ नाक को॥
देवी देव दानव दयावने हैं जोरि हाथ बापुरे बराक और राजा राँक को॥
जागत सोवत बैठे बागत विनोद मोद ताके जो अनर्थ सो समर्थ एक आँक को॥
सब दिन रूरो परै पूरो जहाँ तहाँ ताहि जाके है भरोसो हिये हनुमान हाँक को॥१२॥

sevaka sevakāī jāni jānakīśa māni kāni sānukūla śūlapāni navai nātha nāka ko ||
devī deva dānava dayāvane haiṃ jori hātha bāpure barāka aura rājā rāṃka ko ||
jāgata sovata baiṭhe bāgata vinoda moda tāke jo anartha so samartha eka āṃka ko ||
saba dina rūro parai pūro jahāṃ tahāṃ tāhi jāke hai bharoso hiye hanumāna hāṃka ko ||12||

VERSE 13

सानुग सगौरि सानुकूल शूलपानि ताहि लोकपाल सकल लखन राम जानकी॥
लोक परलोक को विशोक सों त्रिलोक ताहि तुलसी तमाइ कहा काहू बीर आन की॥
केसरी किशोर बन्दीछोर के निवाजे सब कीरति विमल कपि करुना निधान की॥
बालक ज्यों पालिहैं कृपालु मुनि सिद्ध जाके हियें हुलसति हाँक हनुमान की॥१३॥

sānuga sagauri sānukūla śūlapāni tāhi lokapāla sakala lakhana rāma jānakī ||
loka paraloka ko viśoka soṃ triloka tāhi tulasī tamāi kahā kāhū bīra āna kī ||
kesarī kisora bandīchora ke nivāje saba kīrati vimala kapi karunā nidhāna kī ||
bālaka jyoṃ pālihaiṃ kṛpālu muni siddha jāke hiyeṃ hulasati hāṃka hanumāna kī ||13||

VERSE 14

करुना निधान बल बुद्धि के निधान मोद महिमा निधान गुन ज्ञान के निधान हौ॥
वामदेव रूप भूप राम के सनेही नाम लेत देत अर्थ धर्म काम निरवान हौ॥
आपनो प्रभाव सीतानाथ को सुभाव सील लोक वेद बिधिहूँ विदूष हनुमान हौ॥
मन की बचन की करम की तिहूँ प्रकार तुलसी तिहारो तुम साहिब सुजान हौ॥१४॥

karunā nidhāna bala buddhi ke nidhāna moda mahimā nidhāna guna jñāna ke nidhāna hau ||
vāmadeva rūpa bhūpa rāma ke sanehī nāma leta deta artha dharma kāma niravāna hau ||
āpano prabhāva sītānātha ko subhāva sīla loka veda bidhihūṃ vidūṣa hanumāna hau ||
mana kī bacana kī karama kī tihūṃ prakāra tulasī tihāro tuma sāhiba sujāna hau ||14||

VERSE 15

मन को अगम तन सुगम किये कपीस काज महाराज के समाज साज साजे हैं॥
देव बन्दीछोर रन रोर केसरी किशोर जुग जुग जग तेरे बिराजे हैं॥
बीर बर जोर घटि जोर तुलसी की ओर सुनि सकुचाने साधु खल गन गाजे हैं॥
बिगरी सँवारि अंजनी कुमार कीजे मोहि जैसे होत आये हनुमान के निवाजे हैं॥१५॥

mana ko agama tana sugama kiye kapīsa kāja mahārāja ke samāja sāja sāje haiṃ ||
deva bandīchora rana rora kesarī kisora juga juga jaga tere birāje haiṃ ||
bīra bara jora ghaṭi jora tulasī kī ora suni sakucāne sādhu khala gana gāje haiṃ ||
bigarī saṃvāri añjanī kumāra kīje mohi jaise hota āye hanumāna ke nivāje haiṃ ||15||

VERSE 16

जान सिरोमनि हौ हनुमान सदा जन के मन वास तिहारो॥
ढारो बिगारो मैं काको कहाँ केहि कारन खीझत हौ तो तिहारो॥
साहेब सेवक नाते ते हातो कियो तो तहाँ तुलसी को न चारो॥
दोष सुनाये ते आगेहूँ को होशियार ह्वैहौं मन तो हिय हारो॥१६॥

jāna siromani hau hanumāna sadā jana ke mana vāsa tihāro ||
ḍhāro bigāro maiṃ kāko kahāṃ kehi kārana khījhata hau to tihāro ||
sāheba sevaka nāte te hāto kiyo to tahāṃ tulasī ko na cāro ||
doṣa sunāye te āgehūṃ ko hośiyāra hvaihauṃ mana to hiya hāro ||16||

VERSE 17

तेरे थापे उथपे न महेस थापे थिर को कपि जे घर घाले॥
तेरे निवाजे गरीब निवाज विराजत बैरिन के उर साले॥
संकट सोच सबै तुलसी लिये नाम फटे मकरी केसे जाले॥
बूढ़ भये बलि मेरिहें बार कि हारि परे बहुतै नत पाले॥१७॥

tere thāpe uthape na mahesa thāpe thira ko kapi je ghara ghāle ||
tere nivāje garība nivāja virājata bairina ke ura sāle ||
saṃkaṭa soca sabai tulasī liye nāma phaṭe makarī kese jāle ||
būṛha bhaye bali meriheṃ bāra ki hāri pare bahutai nata pāle ||17||

VERSE 18

सिन्धु तरे बड़े बीर दले खल जारे हैं लंकसे बंक महाँसे॥
तैं रन-केहरि केहरि के विदले अरि कुँजर छैल छवाँसे॥
तोसो समर्थ सुसाहिब सेइ सहै तुलसी दुख दोष दवाँसे॥
वानर वाज बढ़े खल खेचर लीजत क्यों न लपेटि लवाँसे॥१८॥

sindhu tare baṛe bīra dale khala jāre haiṃ laṃkase baṃka mahāṃse ||
taiṃ rana-kehari kehari ke vidale ari kuṃjara chaila chavāṃse ||
toso samartha susāhiba sei sahai tulasī dukha doṣa davāṃse ||
vānara vāja baṛhe khala khecara lījata kyoṃ na lapeṭi lavāṃse ||18||

VERSE 19

अच्छ विमर्दन कानन भानि दसानन आनन भान निहारो॥
बारिदनाद अकम्पन कुम्भकरन से कुंजर केहरि वारो॥
रामप्रताप हुतासन कच्छ विपच्छ समीर समीर दुलारो॥
पाप तें साप तें ताप तिहूँ ते सदा तुलसी कहँ सो रखवारो॥१९॥

accha vimardana kānana bhāni dasānana ānana bhāna nihāro ||
bāridanāda akampana kumbhakarana se kuṃjara kehari vāro ||
rāmapratāpa hutāsana kaccha vipaccha samīra samīra dulāro ||
pāpa teṃ sāpa teṃ tāpa tihūṃ te sadā tulasī kahaṃ so rakhavāro ||19||

VERSE 20

जानत जहान जैन हनुमान को निवाज्यो मन अनुमानि बलि बोलि न विसारिये॥
सेवा जोग तुलसी कबहूँ कहूँ चूक परी साहेब सुभाव कपि साहिब सँभारिये॥
अपराधी जानि कीजै सासति सहस भाँति मोदक मरे जो ताहि माहुर न मारिये॥
साहसी समीर के दुलारे रघुवीर जू के बाँह पीर महाबीर बेगि ही निवारिये॥२०॥

jānata jahāna jaina hanumāna ko nivājyo mana anumāni bali boli na visāriye ||
sevā joga tulasī kabahūṃ kahūṃ cūka parī sāheba subhāva kapi sāhiba saṃbhāriye ||
aparādhī jāni kījai sāsati sahasa bhāṃti modaka mare jo tāhi māhura na māriye ||
sāhasī samīra ke dulāre raghuvīra jū ke bāṃha pīra mahābīra begi hī nivāriye ||20||

VERSE 21

बालक बिलोकी बलि बारें आपनो कियो दीन बन्धु दया कीन्हीं निरुपाधि न्यारिये॥
रावरो भरोसो तुलसी के रावरोई बल आस रावरीइ दास रावरो विचारिये॥
बड़ो विकराल कलि काको न विहाल कियो माथे पगु बलीको निहारि सो निवारिये॥
केसरी किशोर रन-रोर बरजोर बीर बाँहु पीर राहुमातु ज्यों पछारि मारिये॥२१॥

bālaka biloki bali bāreṃ āpano kiyo dīna bandhu dayā kīnhīṃ nirupādhi nyāriye ||
rāvaro bharoso tulasī ke rāvaroī bala āsa rāvarīī dāsa rāvaro vicāriye ||
baṛo vikarāla kali kāko na vihāla kiyo māthe pagu balīko nihāri so nivāriye ||
kesarī kisora rana-rora barajora bīra bāṃhu pīra rāhumātu jyoṃ pachāri māriye ||21||

VERSE 22

उथपे थपन थिर थापे उथपनहार केसरी कुमार बल आपनो सँभारिये॥
रामके गुलामनि को कामतरु रामदूत मोसे दीन दूबरे को तकिया तिहारिये॥
साहेब समर्थ तोसों तुलसी के माथे पर सोऊ अपराध बिनु बीर बाँधि मारिये॥
पोखरी विशाल बाहुबलि बारिचर पीर मकरी ज्यों पकरि के बदन विदारिये॥२२॥

uthape thapana thira thāpe uthapanahāra kesarī kumāra bala āpano saṃbhāriye ||
rāmake gulāmani ko kāmataru rāmadūta mose dīna dūbare ko takiyā tihāriye ||
sāheba samartha tosoṃ tulasī ke māthe para soū aparādha binu bīra bāṃdhi māriye ||
pokharī viśāla bāhubali bāricara pīra makarī jyoṃ pakari ke badana vidāriye ||22||

VERSE 23

राम को सनेह राम साहस लखन सिय राम की भगति सोच संकट निवारिये॥
मुद मरकट रोग वारिनिधि हेरि हारे जीव जामवन्त को भरोसो तेरो भारिये॥
कूदिये कृपाल तुलसी सुपेल पब्बयतें सुथल सुवेल भालु बैठिकै विचारिये॥
महाबीर बाँकुरे बराकी बाँहपीर क्यों न लंकिनी ज्यों लात घातही मरोरि मारिये॥२३॥

rāma ko saneha rāma sāhasa lakhana siya rāma kī bhagati soca saṃkaṭa nivāriye ||
muda marakaṭa roga vārinidhi heri hāre jīva jāmavanta ko bharoso tero bhāriye ||
kūdiye kṛpāla tulasī supela pabbayateṃ suthala suvela bhālu baiṭhikai vicāriye ||
mahābīra bāṃkure barākī bāṃhapīra kyoṃ na laṃkinī jyoṃ lāta ghātahī marori māriye ||23||

VERSE 24

लोक परलोकहूँ तिलोक न विलोकियत तोसों समरथ चष चारिहूँ निहारिये॥
कर्म काल लोकपाल अग जग जीव जाल नाथ हाथ सब निज महिमा विचारिये॥
खास दास रावरो निवास तेरो तासु उर तुलसी सो देव दुखी देखियत भारिये॥
बाँहु तरु मूल बाँहु सूल कपि कच्छु बेलि उपजी सकेलि कपि खेलहीं उखारिये॥२४॥

loka paralokahūṃ tiloka na vilokiyata tosoṃ samaratha caṣa cārihūṃ nihāriye ||
karma kāla lokapāla aga jaga jīva jāla nātha hātha saba nija mahimā vicāriye ||
khāsa dāsa rāvaro nivāsa tero tāsu ura tulasī so deva dukhī dekhiyata bhāriye ||
bāṃhu taru mūla bāṃhu sūla kapi kacchu beli upajī sakeli kapi khelahīṃ ukhāriye ||24||

VERSE 25

करम कराल कंस भूमिपालके भरोसे बकी बक भगिनी काहूते कहाँ डरैगी॥
बड़ी विकराल बालघातिनी न जात कहि बाँहबल बालक छबीले छोट छरैगी॥
आई है बनाइ बेष आपही विचारि देख पाप जाय सबको गुनी के पाले परैगी॥
पूतना पिशाचिनी ज्यों कपि कान्ह तुलसी की बाँह पीर महाबीर तेरे मारे मरैगी॥२५॥

karama karāla kaṃsa bhūmipālake bharose bakī baka bhaginī kāhūte kahāṃ ḍaraigī ||
baṛī vikarāla bālaghātinī na jāta kahi bāṃhabala bālaka chabīle choṭa charaigī ||
āī hai banāi beṣa āpahī vicāri dekha pāpa jāya sabako gunī ke pāle paraigī ||
pūtanā piśācinī jyoṃ kapi kānha tulasī kī bāṃha pīra mahābīra tere māre maraigī ||25||

VERSE 26

भालकी कि कालकी कि रोष की त्रिदोष की बेदन विषम पाप ताप छल छाँह की॥
करमन क्रूर की कि जंत्र मंत्र बूटी की पराहि जाहि पापिनी मलीन मन माँहकी॥
पाँय है सजाय नत कहत बजाइ तोहि बाँवरी न होहि बानि जानि कपि नाँहकी॥
आन हनुमानकी दोहाइ बलवान की सापथ महाबीर की जो रहे पीर बाँह की॥२६॥

bhālakī ki kālakī ki roṣa kī tridoṣa kī bedana viṣama pāpa tāpa chala chāṃha kī ||
karamana krūra kī ki jaṃtra maṃtra būṭī kī parāhi jāhi pāpinī malīna mana māṃhakī ||
pāṃya hai sajāya nata kahata bajāi tohi bāṃvarī na hohi bāni jāni kapi nāṃhakī ||
āna hanumānakī dohāi balavāna kī sāpatha mahābīra kī jo rahe pīra bāṃha kī ||26||

VERSE 27

सिंहिका सँघारि बली सुरसा सुधारि छल लंकिनी पछारि मारि बाटिका उजारी है॥
लंकपुर जारि मकरी विदारि बार बार जातुधान धारि धूरिधानी करि डारी है॥
तोरि जमकातरि मन्दोदरि कढ़ोरि आनी रावन की रानी मेघनाद महतारी है॥
भीर बाँह पीर की निपट राखी महाबीर कौन के सकोच तुलसी के सोच भरी है॥२७॥

siṃhikā saṃghāri balī surasā sudhāri chala laṃkinī pachāri māri bāṭikā ujārī hai ||
laṃkapura jāri makarī vidāri bāra bāra jātudhāna dhāri dhūridhānī kari ḍārī hai ||
tori jamakātari mandodari kaṛhori ānī rāvana kī rānī meghanāda mahatārī hai ||
bhīra bāṃha pīra kī nipaṭa rākhī mahābīra kauna ke sakoca tulasī ke soca bharī hai ||27||

VERSE 28

तेरो बाल केलि बीर सुनि सहमत धीर भूलत शरीर सुधि शक्र रवि राहु की॥
तेरी बाँह बसत विशोक लोकपाल सब तेरो नाम लेत रहे आरति न काहुकी॥
साम दाम भेद विधि वेदहूँ लबेद सिधि हाथ कपिनाथही के चोटि चोर साहु की॥
आलस अनख परिहास कि सिखावन है एते दिन रही पीर तुलसी के बाँह की॥२८॥

tero bāla keli bīra suni sahamata dhīra bhūlata śarīra sudhi śakra ravi rāhu kī ||
terī bāṃha basata viśoka lokapāla saba tero nāma leta rahe ārati na kāhukī ||
sāma dāma bheda vidhi vedahūṃ labeda sidhi hātha kapināthahī ke coṭi cora sāhu kī ||
ālasa anakha parihāsa ki sikhāvana hai ete dina rahī pīra tulasī ke bāṃha kī ||28||

VERSE 29

हूकति को घर घर डोलत कंगाल बोलि बाल ज्यों कृपाल नत पालि पालि पोसो है॥
कीन्हीं है सँभार सार अंजनी कुमार वीर आपनो विसारि है न मेरेहुँ भरोसो है॥
एतनो परेखो सब भाँति समर्थ आजु कपिनाथ साँची कहौं को त्रिलोक तोसो है॥
सासति सहत दास कीजे पेखि परिहास चिरी को मरन खेल बालकनि को सो है॥२९॥

hūkati ko ghara ghara ḍolata kaṃgāla boli bāla jyoṃ kṛpāla nata pāli pāli poso hai ||
kīnhīṃ hai saṃbhāra sāra añjanī kumāra vīra āpano visāri hai na merehūṃ bharoso hai ||
etano parekho saba bhāṃti samartha āju kapināthа sāṃcī kahauṃ ko triloka toso hai ||
sāsati sahata dāsa kīje pekhi parihāsa cirī ko marana khela bālakani ko so hai ||29||

VERSE 30

आपने ही पाप तैं त्रितापतैं कि शाप तैं बढ़ी है बाँह बेदन कहीं न सहिजाति है॥
औषध अनेक जंत्र मंत्र टोटकादि किये वादि भये देवता मनाये अधिकाति है॥
करतार भरतार हरतार कर्म काल को है जग जाल जो न मानत इताति है॥
चेरो तेरो तुलसी तू मेरो कहा रामदूत ढील तेरी बीर मोहि पीरते पिराति है॥३०॥

āpane hī pāpa taiṃ tritāpataiṃ ki śāpa taiṃ baṛhī hai bāṃha bedana kahīṃ na sahijāti hai ||
auṣadha aneka jaṃtra maṃtra ṭoṭakādi kiye vādi bhaye devatā manāye adhikāti hai ||
karatāra bharatāra haratāra karma kāla ko hai jaga jāla jo na mānata itāti hai ||
cero tero tulasī tū mero kahā rāmadūta ḍhīla terī bīra mohi pīrate pirāti hai ||30||

VERSE 31

दूत राम राय को सपूत पूत वाय को समर्थ हाथ पाय को सहाय असहाय को॥
बाँकी विरुदावली विदित वेद गाइयत रावन सों भेंट भयो मुट्ठिका के घाय को॥
एते बड़े साहेब समर्थ को निवाजो आजु सीदत सुसेवक बचन मन काय को॥
थोरी बाँहु पीर की बड़ी गलानि तुलसी को कौन पाप कोप लोप प्रगटे प्रभाय को॥३१॥

dūta rāma rāya ko sapūta pūta vāya ko samartha hātha pāya ko sahāya asahāya ko ||
bāṃkī virudāvalī vidita veda gāiyata rāvana soṃ bheṃṭa bhayo muṭṭhikā ke ghāya ko ||
ete baṛe sāheba samartha ko nivājo āju sīdata susevaka bacana mana kāya ko ||
thorī bāṃhu pīra kī baṛī galāni tulasī ko kauna pāpa kopa lopa pragaṭe prabhāya ko ||31||

VERSE 32

देवी देव दनुज मनुज मुनि सिद्ध नाग छोट बड़े जीव जेते चेतन अचेत हैं॥
पूतना पिशाची जातुधानी जातुधान वाम रामदूत की रजाइ माथे मानि लेत हैं॥
घोर जंत्र मंत्र कूट कपट कुजोग रोग हनुमान आन सुनि छाड़त निकेत हैं॥
क्रोध कीजै कर्म को प्रबोध कीजै तुलसी को सोध कीजै तिनको जो दोष दुख देत हैं॥३२॥

devī deva danuja manuja muni siddha nāga choṭa baṛe jīva jete cetana aceta haiṃ ||
pūtanā piśācī jātudhānī jātudhāna vāma rāmadūta kī rajāi māthe māni leta haiṃ ||
ghora jaṃtra maṃtra kūṭa kapaṭa kujoga roga hanumāna āna suni chāṛata niketa haiṃ ||
krodha kījai karma ko prabodha kījai tulasī ko sodha kījai tinako jo doṣa dukha deta haiṃ ||32||

VERSE 33

तेरे बल वानर जिताये रन रावन सों तेरे घाले जातुधान भये घर घर के॥
तेरे बल रामराज किये सब सुर काज सकल समाज साज साजे रघुवर के॥
तेरो गुनगान सुनि गिरवान पुलकत सजल विलोचन विरंचि हरि हर के॥
तुलसी के माथे पर हाथ फेरो कीसनाथ देखिये न दास दुखी तोरे कनिगर के॥३३॥

tere bala vānara jitāye rana rāvana soṃ tere ghāle jātudhāna bhaye ghara ghara ke ||
tere bala rāmarāja kiye saba sura kāja sakala samāja sāja sāje raghuvara ke ||
tero gunagāna suni giravāna pulakata sajala vilocana viraṃci hari hara ke ||
tulasī ke māthe para hātha phero kīsanātha dekhiye na dāsa dukhī tore kanigara ke ||33||

VERSE 34

पाल्यो तेरे टूक को परेहू चूक मूकिये न क्रूर कौड़ी दूको हौं आपने ओर हेरिये॥
भोरानाथ भोर हौं सरोष होत थोरे दोष पोषि तोषि आपनो न अवडेरिये॥
अंबु तू हौं अंबुचर अंबु तू हौं डिंभ सों न बूझिये विलम्ब अवलम्ब मेरे तोरिये॥
बालक विकल जानि पाहि प्रेम पहिचानि तुलसी के बाँह पर लांबी लूम फेरिये॥३४॥

pālyo tere ṭūka ko parehū cūka mūkiye na krūra kauṛī dūko hauṃ āpane ora heriye ||
bhorānātha bhora hauṃ saroṣa hota thore doṣa poṣi toṣi āpano na avaḍeriye ||
aṃbu tū hauṃ aṃbucara aṃbu tū hauṃ ḍiṃbha soṃ na būjhiye vilamba avalamba mere toriye ||
bālaka vikala jāni pāhi prema pahicāni tulasī ke bāṃha para lāṃbī lūma pheriye ||34||

VERSE 35

घेरि लियो रोगनि कुलोगनि कुजोगनि ज्यों बासर सजल घन घटा धुकि धाई है॥
बरषत वारि पीर जारिये जवासे ज्यों सरोष बिनु दोष धूम मूल मलिनाई है॥
करुना निधान हनुमान महा बलवान हेरि हँसि हाँकि फूँकि फौजें ते उड़ाई है॥
खायेहुँ तो तुलसी कुरोग राँढ़ राकसनि केसरी किशोर राखे बीर बरिआई है॥३५॥

gheri liyo rogani kulogani kujogani jyoṃ bāsara sajala ghana ghaṭā dhuki dhāī hai ||
baraṣata vāri pīra jāriye javāse jyoṃ saroṣa binu doṣa dhūma mūla malināī hai ||
karunā nidhāna hanumāna mahā balavāna heri haṃsi hāṃki phūṃki phaujeṃ te uṛāī hai ||
khāyehūṃ to tulasī kuroga rāṃṛha rākasani kesarī kiśora rākhe bīra bariāī hai ||35||

VERSE 36

राम गुलाम तू हनुमान गुसाईं सुसाईं सदा अनुकूलहो॥
पाल्यो हौं बाल ज्यों आखर दु पितु मातु ज्यों मंगल मोद समूलहो॥
बाँह की बेदन बाँह पगार पुकारत आरत आनन्द भूलहो॥
श्री रघुबीर निवारिये पीर रहौं दरबार परो लूट लूलहो॥३६॥

rāma gulāma tū hanumāna gusāīṃ susāīṃ sadā anukūlaho ||
pālyo hauṃ bāla jyoṃ ākhara du pitu mātu jyoṃ maṃgala moda samūlaho ||
bāṃha kī bedana bāṃha pagāra pukārata ārata ānanda bhūlaho ||
śrī raghuvīra nivāriye pīra rahauṃ darabāra paro lūṭa lūlaho ||36||

VERSE 37

काल की करालता करम कठिनाई किधौं पाप के प्रभाव की सुभाय बाय बावरे॥
बेदन कुभाँति सों सही न जाति राति दिन सोई बाँह गही जो गही समीर डावरे॥
लायो तरु तुलसी तिहारो सो निहारि वारि सींचिये मलीन भो तयो है तिहुँ तावरे॥
भूतन की आपनी पराई है कृपा निधान जानियत सबैही की रीति राम रावरे॥३७॥

kāla kī karālatā karama kaṭhināī kidhauṃ pāpa ke prabhāva kī subhāya bāya bāvare ||
bedana kubhāṃti soṃ sahī na jāti rāti dina soī bāṃha gahī jo gahī samīra ḍāvare ||
lāyo taru tulasī tihāro so nihāri vāri sīṃciye malīna bho tayo hai tihūṃ tāvare ||
bhūtana kī āpanī parāī hai kṛpā nidhāna jāniyata sabaihī kī rīti rāma rāvare ||37||

VERSE 38

पाँय पीर पेट पीर बाँह पीर मुख पीर जरजर सकल शरीर पीरमई है॥
देव भूत पितर करम खल काल ग्रह मोहि पर दवारि दमानक सी दई है॥
हौं तो बिनु मोलही विकानो बलि बारहीं ते ओट राम नाम की ललाट लिखि लई है॥
कुम्भज के किंकर विकल बूढ़े गोखुरनि हाय रामराय ऐसी हाल कहूँ भई है॥३८॥

pāṃya pīra peṭa pīra bāṃha pīra mukha pīra jarajara sakala śarīra pīramaī hai ||
deva bhūta pitara karama khala kāla graha mohi para davāri damānaka sī daī hai ||
hauṃ to binu molahī vikāno bali bārahīṃ te oṭa rāma nāma kī lalāṭa likhi laī hai ||
kumbhaja ke kiṃkara vikala būṛhe gokhurani hāya rāmarāya aisī hāla kahūṃ bhaī hai ||38||

VERSE 39

बाहुक सुवाहु नीच लीचर मरीच मिलि मुख पीर केतुजा कुरोग जातुधान हैं॥
राम नाम जप जाग कियो चाहों सानुराग काल कैसे दूत भूत कहाँ मेरे मान हैं॥
सुमिरे सहाय राम लखन आखर दौउ जिन्ह के समूह साँके जागत जहान हैं॥
तुलसी संभारि ताड़का संहारि भारि भट बेधे बरगद से बनाई बान वान हैं॥३९॥

bāhuka suvāhu nīca līcara marīca mili mukha pīra ketujā kuroga jātudhāna haiṃ ||
rāma nāma japa jāga kiyo cāhoṃ sānurāga kāla kaise dūta bhūta kahāṃ mere māna haiṃ ||
sumire sahāya rāma lakhana ākhara dauu jinha ke samūha sāṃke jāgata jahāna haiṃ ||
tulasī saṃbhāri tāṛakā saṃhāri bhāri bhaṭa bedhe baragada se banāī bāna vāna haiṃ ||39||

VERSE 40

बालपने सूधे मन राम सनमुख भयो रामनाम लेत माँगि खात टूक टाँक हौं॥
परयो लोक रीतिमें पुनीत प्रीति राम राय मोह बस बैठो तोरि तरकि तराक हौं॥
खोटे खोटे आचरन आचरत अपनायो अंजनीकुमार सोध्यो राम पानि पाक हौं॥
तुलसी गोसाईं भयो भोर दिन भूलि गयो ताको फल पावत निदान परिपाक हौं॥४०॥

bālapane sūdhe mana rāma sanamukha bhayo rāmanāma leta māṃgi khāta ṭūka ṭāṃka hauṃ ||
parayo loka rītimeṃ punīta prīti rāma rāya moha basa baiṭho tori tariki tarāka hauṃ ||
khoṭe khoṭe ācarana ācarata apanāyo añjanīkumāra sodhyo rāma pāni pāka hauṃ ||
tulasī gosāīṃ bhayo bhora dina bhūli gayo tāko phala pāvata nidāna paripāka hauṃ ||40||

VERSE 41

असन बसन हीन विषम विषाद लीन देखि दीन दूबरो करै न हाय हाय को॥
तुलसी अनाथ सों सनाथ रघुनाथ कियो दियो फलं शील सिन्धु आपने सुभाय को॥
नीच एहि बीच पति पाइ भरुहाइगो बिहाय प्रभु भजन बचन मन काय को॥
ताति तनु पोषियत घोर बरतोर मिसि फूटि फूटि निकसत लोन राम राय को॥४१॥

asana basana hīna viṣama viṣāda līna dekhi dīna dūbaro karai na hāya hāya ko ||
tulasī anātha soṃ sanātha raghunātha kiyo diyo phalaṃ śīla sindhu āpane subhāya ko ||
nīca ehi bīca pati pāi bharuhāigo bihāya prabhu bhajana bacana mana kāya ko ||
tāti tanu poṣiyata ghora baratora misi phūṭi phūṭi nikasata lona rāma rāya ko ||41||

VERSE 42

जीवों जग जानकी जीवन को कहाइ जन मरिबेको वारानसीं वारि सुरसरि को॥
तुलसी के दुहुँ हाथ मोदक हैं ऐसे ठाँय जाके जिये मुये सोच करिहैं न लरिको॥
मोको झूठो साँचो लोग राम को कहत सब मेरे मन मान है न हर को न हरि को॥
भारी पीर दुसह शरीर तें विहाल होत सोउ रघुबीर बिनु सकै दूरि करि को॥४२॥

jīvoṃ jaga jānakī jīvana ko kahāi jana maribeko vārānasīṃ vāri surasari ko ||
tulasī ke duhūṃ hātha modaka haiṃ aise ṭhāṃya jāke jiye muye soca karihaiṃ na lariko ||
moko jhūṭho sāṃco loga rāma ko kahata saba mere mana māna hai na hara ko na hari ko ||
bhārī pīra dusaha śarīra teṃ vihāla hota sou raghubīra binu sakai dūri kari ko ||42||

VERSE 43

सीतापति साहेब सहाय हनुमान नित हित उपदेश को महेश मानौ गुरु के॥
मानस बचन काय सरन तिहारे पाय तुम्हारे भरोसो सुर मैं न जानि सुर के॥
व्याधि भूत जनित उपाधि काहु खल की समाधि कीजै तुलसी को जानि जन पुर के॥
कपिनाथ रघुनाथ भोलानाथ भूतनाथ रोग सिन्धु क्यों न डारियत गाय खुर के॥४३॥

sītāpati sāheba sahāya hanumāna nita hita upadeśa ko maheśa mānau guru ke ||
mānasa bacana kāya sarana tihāre pāya tumhāre bharoso sura maiṃ na jāni sura ke ||
vyādhi bhūta janita upādhi kāhu khala kī samādhi kījai tulasī ko jāni jana pura ke ||
kapināth raghunātha bholānātha bhūtanātha roga sindhu kyoṃ na ḍāriyata gāya khura ke ||43||

VERSE 44

कहौं हनुमान सों सुजान राम राय सों कृपा निधान शंकर सों सावधान सुनिये॥
हर्ष विषाद राग रोष गुन दोष मयी विरंचि विरंचि सब देखियत दुनिये॥
माया जीव काल के करम के सुभाय के करैया राम वेद कहैं साँची मन गुनिये॥
तुम्ह तें कहान होइ हा हा सों बुझैये मोहि हौंहूँ रहौं मौन ही वयो सो जानि दुनिये॥४४॥

kahauṃ hanumāna soṃ sujāna rāma rāya soṃ kṛpā nidhāna śaṅkara soṃ sāvadhāna suniye ||
harṣa viṣāda rāga roṣa guna doṣa mayī viraṃci viraṃci saba dekhiyata duniye ||
māyā jīva kāla ke karama ke subhāya ke karaiyā rāma veda kahaiṃ sāṃcī mana guniye ||
tumha teṃ kahāna hoi hā hā soṃ bujhaiye mohi hauṃhūṃ rahauṃ mauna hī vayo so jāni duniye ||44||

HANUMAN BAHUK COLOPHON — NOT A STANZA

इति श्रीगोस्वामी तुलसीदास जी विरचित हनुमान बाहुक स्तोत्र समाप्त

iti śrīgosvāmī tulasīdāsa jī viracita hanumāna bāhuka stotra samāpta